उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 19 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

( दिनांक : 10 दिसम्बर, 2012 )

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।
2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख" तथा "ग"**)।
3. निधन के निदेश।
4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
5. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य विधान सभा, "विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विकास खण्ड द्वारीखाल के स्थान सिलोगी में कृषि महाविद्यालय खोले जाने के संबंध में" श्री शिवदयाल सिंह नेगी, एवं निवासीगण, ग्राम व पो0 कांडी, (वाया) सिलोगी, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य विधान सभा, "विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत निर्माणाधीन नीलकंठ, गरूडचट्टी मोटर मार्ग एवं मोटर पुल के निर्माण किये जाने के संबंध में" श्री विक्रम सिंह रैथाण, एवं निवासीगण, ग्राम तलाई (मराल) पो0 मराल जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य विधान सभा, "विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत स्वर्गाश्रम (जोंक) के स्थान वेदनिकेतन में हलका वाहन पुल बनाये जाने के संबंध में" श्री गुरूपाल बत्रा, एवं निवासीगण, ग्राम किरमोला जोंक पो0 लक्ष्मण झूला जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
8. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
9. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

10. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

11. मुख्यमंत्री, हिमालयन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

12. मुख्यमंत्री, हिमालयन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012, को पुरःस्थापित करेंगे।

13. मुख्यमंत्री, आई0एम0एस0 यूनिसन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

14. मुख्यमंत्री, आई0एम0एस0 यूनिसन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012, को पुरःस्थापित करेंगे।

15. मुख्यमंत्री, उत्तरांचल विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

16. मुख्यमंत्री, उत्तरांचल विश्वविद्यालय विधेयक, 2012, को पुरःस्थापित करेंगे।

17. मुख्यमंत्री, डी0आई0टी0 विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

18. मुख्यमंत्री, डी0आई0टी0 विश्वविद्यालय विधेयक, 2012, को पुरःस्थापित करेंगे।

19. मुख्यमंत्री, ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

20. मुख्यमंत्री, ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

21. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

22. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

23. सिंचाई मंत्री, उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

24. सिंचाई मंत्री, उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

25. आपदा मंत्री, उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

26. आपदा मंत्री, उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

27. राजस्व मंत्री, उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

28. राजस्व मंत्री, उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

29. राजस्व मंत्री, विविध राजस्व विधि (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

30. राजस्व मंत्री, विविध राजस्व विधि (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

31. मुख्यमंत्री, पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

32. मुख्यमंत्री, पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

33. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

34. वित्तीय वर्ष 2012-2013 की प्रथम अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

(1) संसदीय कार्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-01 विधान सभा के अन्तर्गत **रू0 22200 हजार (दो करोड़ बाइस लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(2) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-03 मंत्रि-परिषद के अन्तर्गत **रू0 51550 हजार (पांच करोड़ पन्द्रह लाख पचास हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(3) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-04 न्याय प्रशासन के अन्तर्गत **रू0 71610 हजार (सात करोड़ सोलह लाख दस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(4) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-05 निर्वाचन के अन्तर्गत **रू0 92320 हजार (नौ करोड़ तेइस लाख बीस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(5) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-06 राजस्व एवं सामान्य प्रशासन के अन्तर्गत **रू0 409754 हजार (चालीस करोड़ सतानवे लाख चौवन हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(6) वित्त मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाएं के अन्तर्गत **रू0 284377 हजार (अठ्ठाईस करोड़ तैंतालीस लाख सतहत्तर हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(7) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-08 आबकारी के अन्तर्गत **रू0 3100 हजार (इक्तीस लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(8) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-10 पुलिस एवं जेल के अन्तर्गत **रू0 1500208 हजार (एक सौ पचास करोड़ दो लाख आठ हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(9) शिक्षा मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-11 शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति के अन्तर्गत **रू0 3198757 हजार (तीन सौ उन्नीस करोड़ सतासी लाख सत्तावन हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(10) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-12 चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत **रू0 2127783 हजार (दो सौ बारह करोड़ सतहत्तर लाख तिरासी हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(11) पेयजल मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-13 जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास के अन्तर्गत **रू0 1525944 हजार (एक सौ बावन करोड़ उन्सठ लाख चौवालीस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(12) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-14 सूचना के अन्तर्गत **रू0 32800 हजार (तीन करोड़ अठ्ठाईस लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(13) समाज कल्याण मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-15 कल्याण योजनाएं के अन्तर्गत **रू0 771780 हजार (सतहत्तर करोड़ सत्रह लाख अस्सी हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(14) श्रम मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-16 श्रम और रोजगार के अन्तर्गत **रू0 312653 हजार (इक्तीस करोड़ छब्बीस लाख तिरपन हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(15) कृषि मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-17 कृषि कर्म एवं अनुसंधान के अन्तर्गत **रू0 1719474 हजार (एक सौ इकहत्तर करोड़ चौरानवे लाख चौहत्तर हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(16) सहकारिता मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-18 सहकारिता के अन्तर्गत **रू0 16090 हजार (एक करोड़ साठ लाख नब्बे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(17) ग्राम्य विकास मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-19 ग्राम्य विकास के अन्तर्गत **रू0 313223 हजार (इक्तीस करोड़ बत्तीस लाख तेइस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(18) सिंचाई मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-20 सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत **रू0 964492 हजार (छियानवे करोड़ चौवालीस लाख बयानवे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(19) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-21 ऊर्जा के अन्तर्गत **रू0 4049100 हजार (चार सौ चार करोड़ इक्यानवे लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(20) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-22 लोक निमार्ण कार्य के अन्तर्गत **रू0 2647500 हजार (दो सौ चौसठ करोड़ पचहत्तर लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(21) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-23 उद्योग के अन्तर्गत **रू0 108685 हजार (दस करोड़ छियासी लाख पचासी हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(22) परिवहन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-24 परिवहन के अन्तर्गत **रू0 1003780 हजार (सौ करोड़ सैंतीस लाख अस्सी हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(23) खाद्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-25 खाद्य के अन्तर्गत **रू0 252195 हजार (पच्चीस करोड़ इक्कीस लाख पिचानवे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(24) पर्यटन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-26 पर्यटन के अन्तर्गत **रू0 435065 हजार (तैंतालीस करोड़ पचास लाख पैंसठ हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(25) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-27 वन के अन्तर्गत **रू0 494215 हजार (उन्चास करोड़ बयालीस लाख पन्द्रह हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(26) पशुपालन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-28 पशुपालन सम्बन्धी कार्य के अन्तर्गत **रू0 135397 हजार (तेरह करोड़ तिरपन लाख सतानवे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(27) उद्यान मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-29 औद्यानिक विकास के अन्तर्गत **रू0 86038 हजार (आठ करोड़ साठ लाख अड़तीस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(28) समाज कल्याण मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-30 अनुसूचित जातियों का कल्याण के अन्तर्गत **रू0 742700 हजार (चौहत्तर करोड़ सत्ताईस लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

(29) समाज कल्याण मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या-31 अनुसूचित जनजातियों का कल्याण के अन्तर्गत **रू0 184663 हजार (अठ्ठारह करोड़ छियालीस लाख तिरसठ हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2012-2013 के लिए स्वीकार की जाय।

(कटौती के प्रस्तावों के लिए देखिए नत्थी **(घ)**

35. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड विनियोग (2012-13 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

36. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड विनियोग (2012-13 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

37. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विनियोग (2012-13 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय।

38. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विनियोग (2012-13 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

39. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

40. जनपद उधमसिंह नगर के रूद्रपुर नगरपालिका क्षेत्रान्तार्गत रूद्रपुर किच्छा बाई पास मार्ग पर स्थित कल्याणी नदी पर बने दोनों पुलों का चौड़ीकरण किये जान के संबंध में श्री राजकुमार ठुकराल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

41. जनपद देहरादून की तहसील विकास नगर में लक्ष्मीपुर, केदारवाला, ढकरानी, सय्यद मार्ग तथा पुल पार नवाबगढ आदि स्थानों पर पेयजन नलकूपो के ओवरहैड टैंक न बनने से पेयजल आपूर्ति का पूर्ण लाभ जनता को न मिलने के संबंध में श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को दी गई सूचना पर, पेयजल मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

**देहरादून :**

**दिनांक : 10 दिसम्बर, 2012**

(डी०पी०गैरोला)
प्रमुख सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

तृतीय सत्र, 2012
का प्रथम शुक्रवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### सोमवार, 19 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

### ( दिनांक : 10 दिसम्बर, 2012 )

### नत्थी "क"

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| डा0 जीतराम 22.11.2012 | **क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में कितनी और किन–किन नदियों का खनन किया जाता है तथा कुल खनन क्षेत्र कितना है ? | उद्योग |

# नत्थी "ख"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत तृतीय सत्र 2012 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न**

श्री मदन कौशिक *1 **पुनः स्थगित** **पर्यावरण**

08.05.2012

क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के मुख्य शहरों में जाम एवं वाहनों से फैल रहे प्रदूषण से मुक्ति दिलाने हेतु सरकार क्या कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>07.08.2012 | *1. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वन क्षेत्र से गुजरने वाले मोटर मार्गों के निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार के कार्यालय लखनऊ या दिल्ली से प्राप्त होती है जिसमें काफी समय लगता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कार्यालय को देहरादून में स्थापित करने हेतु कोई ठोस कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>16.08.2012 | *2. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत कितनी सड़कें निर्माणाधीन हैं ? क्या वन अधिनियम के तहत अवरूद्ध मार्गों के निर्माण हेतु सरकार प्रयासरत है ? यदि हां, तो उक्त सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है एवं उनमें कब से निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? | लोक निर्माण |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>28.08.2012 | *3. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम फूलगढ़, दुर्गागढ़, शिवगढ़ गोविन्दगढ़, मिस्सरपुर, किशनपुर, जियपोता, अजीतपुर, नशीरपुर खुर्द, कटारपुर, पंजनहेड़ी एवं आदर्श टिहरी नगर, तिलकपुरी, बाडीटिप में विद्युत तारों की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है जिससे आये दिन तार टूटने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है ? यदि हां तो क्या सरकार उक्त विद्युत तारों को बदलवाने हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>29.08.2012 | *4. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र क्षेत्रफल की दृष्टि से अन्य विधानसभा क्षेत्रों की अपेक्षा काफी बड़ा एवं जनसंख्या बाहुल्य वाला क्षेत्र है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि उक्त विधान सभा क्षेत्र में कोई भी डिग्री कालेज न होने के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र छात्राओं को 30–35 कि0मी0 दूर शहर में जाना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार लालढांग क्षेत्र में डिग्री कालेज खोलने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री दिनेश धनै<br>30.08.2012 | *5. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग में पूर्व की भांति उत्तराखण्ड राज्य में बड़ी निविदायें आमंत्रित न कर छोटी–छोटी निविदायें आमंत्रित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>30.08.2012 | *6. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के हरिद्वार एवं लक्सर के मध्य पड़ने वाले 30--35 गांव जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाये जाने से बुरी तरह प्रभावित हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों को जंगली जानवरों से बचाने हेतु कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| पुष्कर सिंह धामी 05.09.2012 | *7. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार राज्य आन्दोलनकारियों के पुनः चिन्हीकरण किये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक आन्दोलनकारियों का चिन्हीकरण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 11.09.2012 | *8. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में खनन नीति का क्या स्वरूप है ? क्या निजी भूमि में खनन की अनुमति है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा नदियों में खनन के पट्टे स्थानीय बेरोजगार युवकों को आवंटित किये जायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 11.09.2012 | *9. **न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के वित्तीय संसाधन बढ़ाने एवं बिजली संकट को दूर करने के लिए सरकार लघु विद्युत परियोजनायें बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवकों को योजनायें आवंटित की जायेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री भीमलाल आर्य 17.09.2012 | *10. **अस्पष्टता एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में मूल निवास, स्थाई निवास, जाति, आय, पर्वतीय क्षेत्र आदि प्रामण पत्रों को बनाने में जनता को अत्याधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार मूल निवास, जाति आदि प्रमाण पत्रों का एक ही प्रारूप पर प्रमाण पत्र जारी किये जाने एवं बनवाने में शिथिलिता प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सामान्य प्रशासन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 18.09.2012 | *11. **द्वितीय गुरूवार के तारां0 15 में स्थाना0**<br>क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग प्लान्ट लगाये जायेंगे तथा प्लान्ट लगाने हेतु सरकार की क्या नीति है ? क्या सरकार प्रदेश के बेरोजगार शिक्षित युवकों को फूड प्रोसेसिंग प्लान्ट लगाने हेतु जमीन भी उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री दान सिंह भण्डारी 19.09.2012 | *12. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत औद्योगिक आस्थान भीमताल की स्थापना हेतु पूर्व में यहां के किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था, जिसके उपरान्त यू0पी0एस0आई0डी0सी0 के अन्तर्गत यहां उद्योग लगाये गये थे ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के फलस्वरूप प्रभावित किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए लगाये गये उद्योगों में किसानों के आश्रितों को रोजगार व मुआवजा दिलाये जाने हेतु कोई घोषणा की गयी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी अवगत हैं कि वर्तमान में अधिकतर उद्योग बन्द हो चुके हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण किये गये किसानों के आश्रितों को रोजगार प्रदान करने के लिए कोई कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |

श्री मदन कौशिक
25.09.2012

*13. **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।** **पर्यावरण**

क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में राजधानी सहित बड़े शहरों में वाहनों के बढ़ते प्रयोग के कारण अत्यधिक मात्रा में प्रदूषण उत्पन्न हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम हेतु कोई कार्ययोजना तैयार की गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मदन कौशिक
26.09.2012

*14. क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में जगह जगह प्रदेश की जनता द्वारा गावों के नजदीक शराब की दुकानों को बन्द करने हेतु आन्दोलन किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा शराब की दुकानों को आबादी से दूर ले जाने अथवा बन्द करने हेतु कोई कार्ययोजना तैयार की गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? **आबकारी**

श्री मदन कौशिक
26.09.2012

*15. **द्वितीय गुरूवार के तारा0 14 में स्थाना0** **पर्यावरण**

क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में नदियों के किनारे बसी बस्तियों द्वारा, नदियों में सीवर बहाया जा रहा है, जिससे नदियों में अत्यधिक मात्रा में प्रदूषण उत्पन्न हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा नदियों में हो रहे प्रदूषण को रोकने हेतु कोई नीति तैयार की गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पूरन सिंह फर्त्याल
08.10.2012

*16. **द्वितीय शुक्रवार के तारां0 01 में स्थाना0** **वन**

क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत नगर पंचायत लोहाघाट के अधीन नगर पंचायत द्वारा बेनाप भूमि में खड़े क्षतिग्रस्त पेड़ों की नीलामी की गयी है ? यदि हां, तो नीलामी से प्राप्त धनराशि क्या राज्य सरकार के संबंधित खाते में जमा है ? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
11.10.2012

*17. **द्वितीय गुरूवार के तारा0 13 में स्थाना0।** **पर्यावरण**

क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश में सीवर का व अन्य नालियों का गंदा पानी गंगा नदी में मिल रहा है ? यदि हां, तो इसकी रोकथाम हेतु सरकार क्या उपाय कर रही है ?

श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
11.10.2012

*18. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जंगली जानवरों द्वारा नष्ट की जा रही फसल हेतु सरकार द्वारा दी जा रही मुआवजा राशि क्या है ? क्या सरकार फसल की मुआवजा राशि बढ़ाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक और कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? **वन**

श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 12.10.2012

*19. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रगतिविहार, गीतानगर, बापूग्राम, खदरी, भट्टोवाला, गौहरीमाफी, गुमानीवाला, रायवाला, साहबनगर, चकजोगी, छिद्रवाला आदि रिहायशी क्षेत्रों में हाथियों एवं जंगली जानवरों के हमलों से जान–माल की हानि की घटनाओं की रोकथाम हेतु सरकार क्या उपाय कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

वन

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 19.10.2012

*20. **द्वितीय शुक्रवार के तारां0 02 में स्थाना0**

क्या सामान्य प्रशासन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में किन किन पौराणिक/धार्मिक आयोजनों में पशुबलि को प्रतिबन्धित किया है ? सरकार यह भी बताएगी कि ऐसे पौराणिक/धार्मिक आयोजनों में उपबन्धित प्रतिबन्ध क्या है ?

सामान्य प्रशासन

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्री अजय भट्ट 11.05.2012

1. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जंगली जानवरों द्वारा गाय, भैंस व बकरी आदि पालतू पशुओं को मारे जाने पर संबंधित को मुआवजा देने का प्रावधान है ? यदि हां, तो उत्तराखण्ड में ऐसे कितने प्रकरण किस वर्ष से लम्बित हैं तथा सरकार कब तक सभी लम्बित प्रकरणों का भुगतान करेगी तथा इन्हें आज तक मुआवजा न दिये जाने के क्या कारण हैं ?

वन

## अतारांकित प्रश्न

श्री ललित फर्स्वाण 03.08.2012

1. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विकास खण्ड पाटी में भनोली सिब्योली मोटर मार्ग के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव भेजा है ? यदि हां, तो कब ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि अवैध रूप से किये गये निर्माण कार्य में जिन पेड़ों का दोहन हुआ है, उस पर भारत सरकार के स्तर से कोई जांच हुई है ? यदि हां, तो अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ?

वन

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 06.08.2012

2. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्तमान समय तक कुल कितनी सड़कों के प्रस्ताव किस–किस स्तर पर लम्बित हैं ? क्या सरकार तत्संबंधी पृथक–पृथक पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 06.08.2012 | 3. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत एक वर्ष से प्रदेश में उद्योगों के विकास हेतु कहां–कहां और कितने प्रस्ताव पूंजी निवेश हेतु प्राप्त हुए हैं तथा कितने उद्योगपतियों ने उत्तराखण्ड राज्य में पूंजी निवेश प्रारम्भ कर दिया है ? क्या सरकार तत्संबंधित पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार उक्त उद्योगों में उत्तराखण्ड के बेरोजगारों को विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों के गरीब बेरोजगारों को रोजगार दिये जाने हेतु कोई ठोस कदम उठा रही है ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्योग** |
| श्री भीमलाल आर्य 06.08.2012 | 4. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) के सीमान्त सुदूर गांव गंगी, पिनस्वाड़, गंवाली (थातीकठूड़) व समणगांव (भिलंग), लैंणी, बुढ़वा, सौड़ गंवली (भिलंग) कागड़ा (केमर), नौली (केमर) लोदस (गोनगढ़) आर्स (गोनगढ़), नैक्वाड़ा (बासर) आदि गावों को सरकार मोटर मार्ग से जोड़ने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री भीमलाल आर्य 06.08.2012 | 5. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) के अन्तर्गत फलेन्डा जल विद्युत परियोजना व घुत्तू जल विद्युत परियोजना से प्रभावित गावों की समस्याओं के समाधान हेतु सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 07.08.2012 | 6. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वन विभाग द्वारा 2010–11 व 2011–12 में किन–किन विभागों को कितने–कितने पौधे निःशुल्क रोपण हेतु उपलब्ध कराये गये थे तथा रोपण हेतु दिए गये पौधों की वर्तमान स्थिति क्या है ? क्या सरकार वन विभाग के द्वारा जनता को भी निःशुल्क पौध रोपण हेतु उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 07.08.2012 | 7. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि पारिस्थितिकीय पर्यटन से राजस्व अर्जन करने और स्थानीय लोगों को रोजगार देने हेतु मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत धनोल्टी में ईको पार्क की स्थापना की गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी ईको पार्कों की स्थापना करेगी ? यदि हां, तो क्या अल्मोड़ा जिले में सल्ट विधान सभा क्षेत्र के मरचूला, मानिला और जौरासी रेन्ज में भी इस तरह के ईको पार्कों की स्थापना की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 07.08.2012 | 8. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभाग द्वारा पौध लगाने, प्रशिक्षण व भ्रमण कार्यक्रम कराये गये थे ? यदि हां, तो उक्त कार्यक्रमों से प्रदेश में कितनी महिलाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है तथा उसका पूर्ण विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |

श्री [illegible]मलाल आर्य
08.08.2012

9. **प्रथम मंगलवार के अता0 76 में स्थाना0** — **लोक निर्माण**

क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली में बस अड्डा न होने के कारण स्थानीय जनता एवं तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों को आवागमन हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार घनसाली में बस अड्डे का निर्माण कराने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
08.08.2012

10. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार देने हेतु वनीकरण करने में जो ईको टास्क फोर्स का गठन किया गया है उसमें प्रदेश के कितने भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार प्राप्त हुआ है ? क्या उक्त योजना में प्रदेश के युवाओं व महिलाओं को भी रोजगार मिलेगा ? यदि हां, तो क्या सरकार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? — **वन**

डा0 जीतराम
08.08.2012

11 क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के अन्तर्गत थराली विधान सभा क्षेत्र के कितने गावों का अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है ? सरकार कब तक इन गावों को विद्युतीकृत कर देगी ? — **ऊर्जा**

श्री प्रेम सिंह राना
13.08.2012

12 क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत झनकट (खटीमा) में 33/11 के0बी0 सब स्टेशन की स्थापना की जानी है ? यदि हां, तो उपरोक्त स्थापना कब तक की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? — **ऊर्जा**

श्री दलीप सिंह रावत
13.08.2012

13 क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य के कार्बेट नेशनल पार्क से बफर जोन से सटे गांवों के लोगों के हकहकूक, चारागाह, यातायात, सड़क, पेयजल, विद्युत आदि सुविधाओं से वंचित हैं ? यदि हां, तो उक्त गांवों के निवासियों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार की क्या योजना है ? — **वन**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
14.08.2012

14 क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा में सल्ट पालिटैक्निक का निर्माण 1984 में 3 ट्रेडो की स्वीकृति के साथ हुआ था ? यदि हां, तो उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के उपरान्त वर्ममान में भी वहां केवल एक ही ट्रेड चल रहा है ? क्या सरकार वहां अन्य रोजगार परक ट्रेडों को बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — **तकनीकी शिक्षा**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
14.08.2012

15 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा की सल्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वल्मरा स्याल्दे केदार मोटर मार्ग की डी0पी0आर0 22/7/2011 से वित्तीय स्वीकृति हेतु लम्बित है ? यदि हां, तो क्या सरकार 2004 से लम्बित उक्त सड़क की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — **लोक निर्माण**

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.08.2012 | 16 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा की सल्ट विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने ऐसे मोटर मार्ग हैं जिनकी स्वीकृति को 5 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है तथा वर्ष 2012 तक उनकी भारत सरकार से वनभूमि स्वीकृति कराने की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाई है ? क्या सरकार शीघ्र कार्यवाही पूर्ण कर मोटर मार्गों का कार्य आरम्भ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>14.08.2012 | 17 क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को पूर्व में वन विभाग द्वारा इमारती लकड़ी अनुदान (माफी) के रूप में उपलब्ध करवाई जाती थी किन्तु उक्त व्यवस्था वर्तमान में समाप्त कर दी गयी है ? यदि हां, तो सरकार उक्त व्यवस्था को पुनः प्रारम्भ किये जाने हेतु क्या कार्यवाही कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>14.08.2012 | 18 क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के महाविद्यालयों में कार्यरत बिजिटिंग प्रवक्ताओं एवं संविदा शिक्षकों का सरकार विनियमतीकरण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.08.2012 | 19 **द्वितीय सोमवार के अता0 67 में स्थाना0**<br>क्या मुख्यमंत्री अवतगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा में हर वर्ष देश की आजादी के लिये शहीद हुए वीर सपूतों को स्मरण करने के लिये देघाट में 19 अगस्त, खुमाड़ सल्ट में 5 सित0 व धामदेव में सालम में 25 अगस्त को शहीद दिवस के कार्यक्रम आयोजित होते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त वीर सपूतों की स्मृति को चिर स्मरणीय बनाने के लिये स्थानीय स्तर पर चिकित्सालय भवनों विद्यालय भवनों, सड़कों, व अन्य विकास योजनाओं का नाम शहीदों के नाम पर करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **गृह** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.08.2012 | 20 क्या वन मंत्री को ज्ञात है कि वर्ष 2006 में इको टुरिज्म के विकास हेतु कोई अध्ययन दल दक्षिण अफीका गया था ? यदि हां, तो दल में कौन–कौन सदस्य शामिल थे ? क्या सरकार तत्संबंधित व्यय का पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या वन मंत्री जी अध्ययन दल द्वारा बनाई गई अध्ययन रिर्पोट सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>22.08.2012 | 21. **द्वितीय गुरूवार के अता0 08 में स्थाना0**<br>क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत कितनी माइको हाईडिल योजनायें हैं तथा उक्त योजनाओं का जनपद वार विवरण क्या है व कितनी योजनायें बन्द पड़ी हैं ? क्या सरकार बन्द पड़ी योजनाओं को प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |

श्री संजय गुप्ता
28.08.2012

22. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के लक्सर विधान सभा क्षेत्र में जैतपुर से मुण्डा खेड़ा कलां, व जैतपुर से खडण्जा एवं खडण्जा से बोहड़ा तथा कूड़ी भगवान पुर रेलवे फाटक से केवल पुरी होते हुए कबूल पुरी रायघटी तक सड़कों का पुनः निर्माण कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**लोक निर्माण**

श्री संजय गुप्ता
28.08.2012

23. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के लक्सर नगर में स्थित राजकीय महाविद्यालय जो कि लोक निर्माण विभाग की भूमि पर ब्लाक के जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि उस भूमि का हस्तान्तरण व भवन निर्माण अभी तक नहीं किया गया है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त भूमि का हस्तान्तरण व निर्माण कार्य कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**उच्च शिक्षा**

श्री यतीश्वरानन्द
28.08.2012

24. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कांगड़ी से लेकर सजनपुर पीली तक 6 किलोमीटर की सड़क के मध्य पड़ने वाले मिनी पुल के न बनने से आम जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं इसके मध्य पड़ने वाले मूढाल स्रोत पुल का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**लोक निर्माण**

श्री यतीश्वरानन्द
29.08.2012

25. **द्वितीय बुधवार के अता0 11 में स्थाना0**

क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के टिहरी विस्थापित क्षेत्र में जंगली जानवरों से कालोनी वासियों को निजात दिलाने के लिए सुरक्षा दीवार बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो दीवार का निर्माण कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**वन**

श्री दिनेश घनै
30.08.2012

26. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में संविदा, वर्कचार्ज एवं ठेकेदारी प्रथा में नियुक्त कर्मियों को स्थाई नियुक्ति अथवा नियमित रूप से नियुक्ति देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**कार्मिक**

श्री दिनेश घनै
30.08.2012

27. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत ठेकेदारों के डी श्रेणी का पंजीकरण किये जाने की व्यवस्था खण्डीय कार्यालय में समाप्त कर दी गयी है ? यदि हां, तो कब ? क्या सरकार डी श्रेणी का पंजीकरण खण्डीय कार्यालय में पूर्व की भांति जारी रखने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**लोक निर्माण**

श्री यतीश्वरानन्द
30.08.2012

28. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के लालढांग में रसूलपुर मिट्ठीबेरी में खासन नदी के ऊपर पुल न बनने से क्षेत्रवासियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**लोक निर्माण**

| | | |
|---|---|---|
| श्री यतीश्वरानन्द<br>31.08.2012 | 29. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में विद्युत विभाग के द्वारा जो मीटर लगाए गए हैं उसका किराया बिल के साथ प्रत्येक माह जुड़ कर आता है ? क्या यह सत्य है कि विभाग द्वारा मीटर खराब या फुक जाने पर उपभोक्ता से 700 रूपये से लेकर 1400 रूपये तक वसूले जाते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इस संबंध में कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>31.08.2012 | 30. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर मिठीबेरी से आर्य नगर गोट मंलोलपूरा ढंडियानवाला में सड़कों की हालत बहुत जर्जर होने से आए दिन दुर्घटना होती रहती है ? यदि हां तो क्या सरकार उक्त सड़कों को बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>31.08.2012 | 31. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर से दुर्गागढ़ तक सड़क निर्माण एवं भोगपुर रोड के समीप स्थित शिव स्टोन केशर से टांडाभामल होते हुए भोगपुर रामलीला ग्राउंड तक पक्की सड़क का निर्माण तथा धनपुरा पीठबाजार से घिस्सूपूरा होते हुए घोंटी चोक भक्कनपुर रोड तक सड़क निर्माण कार्य न होने के कारण जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार/निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री संजय गुप्ता<br>03.09.2012 | 32. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार की तहसील लक्सर के अन्तर्गत ग्राम सीधडू व एथल बजुर्ग के बीच पथरी नदी पर सम्पर्क पुल न होने के कारण ग्रामवासियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त पुल कब तक बनाया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>03.09.2012 | 33. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत रामझूला पैदल पुल एवं लक्ष्मणझूला पैदल पुल को दो पहिया वाहनों हेतु बन्द किया जा रहा है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा स्वर्गाश्रम, लक्ष्मणझूला में आने जाने वाले पर्यटकों के लिए वेद निकेतन में प्रस्तावित पुल का निर्माण कब तक कराया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>03.09.2012 | 34. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत राजाजी नेशनल पार्क में रहने वाले सभी वन गूजरों को विस्थापित कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा बफर जोन में रहने वाले ग्रामीणों को भी विस्थापित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो बफर जोन में रहने वाले ग्रामीणों को अवस्थापना सुविधायें कब तक उपलब्ध कराई जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 04.09.2012 | 35. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र में अधिकतर विद्युत लाइन खराब रहती है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि विद्युत वितरण खण्ड कोटद्वार में सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ताओं की बहुत कमी है ? यदि हां, तो क्या सरकार निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत वितरण खण्ड कोटद्वार में अभियन्ताओं की नियुक्ति हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 05.09.2012 | 36. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम झांवणासार (आमसौंड) में एक बालिका की गांव जाते समय हत्या कर दी है ? यदि हां, तो क्या पुलिस ने हत्यारों का पता लगा दिया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 05.09.2012 | 37. **न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर ग्रेड के कर्मियों को छठे वेतनमान का भुगतान सन् 2006 से किया जा रहा है जबकि कान्स्टेबल, हैडकांस्टेबल, एस0सी0पी0 ग्रेड के कर्मियों को छटे वेतनमान का एरियर 2008 से देने की योजना है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा सबको समान वर्ष से भुगतान किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 06.09.2012 | 38. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में परवीन नदी पर पक्के पुल का निर्माण करने की कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक उक्त पुल का निर्माण कार्य आरम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 07.09.2012 | 39. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत खटीमा में पृथक राज्य आन्दोलन के दौरान हुए गोलीकांड में शहीदों की याद में क्या सरकार 01 सितम्बर, को खटीमा में शहीद दिवस के रूप में मनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो 01 सितम्बर, 2013 को खटीमा में शहीद दिवस मनाया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्री ललित फर्स्वाण 07.09.2012 | 40. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय पॉलीटेक्निक कपकोट व कांडा में अनुदेशकों के कुल कितने पद सृजित हैं ? यदि नहीं, तो कब तक पद सृजित किये जायेंगे ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण 07.09.2012 | 41. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के मल्ला दानपुर क्षेत्र में यू0पी0सी0एल0 के माध्यम से विद्युतीकरण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक विद्युतीकरण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यो ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 10.09.2012 | 42. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर में स्थापित 33 के0वी0 सब स्टेशन से विद्युत लाइनें संचालित न होने के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि कब तक 33 के0वी0 सब स्टेशन को प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 10.09.2012 | 43. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कौडिया किमसार रोड विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के डामरीकरण हेतु धन स्वीकृत किया है ? यदि हां, तो क्या सरकार कौडिया किमसार रोड के 12 कि0मी0 का डामरीकरण अति शीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो क्या मोटरमार्ग के डामरकीकरण हेतु निविदायें विज्ञापित कर दी गई हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 13.09.2012 | 44. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में चक्करपुर से लेकर बगीया घाट सम्पर्क मार्ग का पुनः निर्माण किये जाने संबंधी कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य आरम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 13.09.2012 | 45. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र खटीमा में खटीमा महाविद्यालय में कामर्स सहित अन्य विषय खोले जाने पर विचार किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 13.09.2012 | 46. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र खटीमा में पालिटैक्निक एवं आई0टी0आई0 तकनीकी शिक्षण संस्थान न होने के कारण स्थानीय छात्रों को तकनीकी शिक्षा हेतु अन्य शहरों में जाना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा क्षेत्र के छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में पालिटैक्निक एवं आई0टी0आई0 तकनीकी शिक्षण संस्थान खोले जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक पालिटैक्निक एवं आई0टी0आई0 तकनीकी शिक्षण संस्थान खोले जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 17.09.2012 | 47. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में पिछले चार वर्षों से आज तक कुल कितने विद्युत ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं तथा उक्त ट्रांसफार्मरों के खराब होने के कारण क्या हैं ? क्या सरकार ट्रांसफार्मरों की गुणवत्ता की जांच करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री भीमलाल आर्य 17.09.2012 | 48. क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) के थाना घनसाली में दिनांक 21/05/2011 को पुलिस हिरासत/अभिरक्षा में युवा सरोप सिंह सुपुत्र श्री संसार सिंह निवासी ग्राम/पोस्ट–केपार्स, पट्टी–बासर, तहसील घनसाली, जिला टिहरी गढ़वाल की हत्या हुई थी किन्तु आज तक उक्त प्रकरण की सी0बी0आइ0 जांच नहीं कराई गयी ? यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रकरण की सी0बी0आई0 जांच करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **गृह** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य<br>17.09.2012 | 49. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) में ए0डी0बी0 द्वारा फेज II के अन्तर्गत स्वीकृत "टिहरी–घनसाली – चिरबटिया" व छतियारा–केपार्स" मोटर मार्ग का सुधारीकरण कार्य में मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है तथा कार्य पूर्ति समयवृद्धि पश्चात भी पूरा नहीं हुआ है ? यदि हां, तो सरकार जनहित में स्वतंत्र जांच एजेंसी गठित कर प्रकरण की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री भीमलाल आर्य<br>17.09.2012 | 50. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) में कुल कितने मोटर मार्गों के निर्माण हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है और अब तक उन मोटर मार्गों का निर्माण कार्य क्यों प्रारम्भ नहीं हुआ तथा कुल कितने मोटर मार्ग वन अधिनियम के कारण लम्बित हैं ? क्या सरकार व्यापक जनहित में यथाशीघ्र मोटर मार्गों के निर्माण तथा वन अधिनियम के तहत लम्बित मोटर मार्गों के निराकरण की कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>17.09.2012 | 51. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में सातसिलिंग से थल मोटर मार्ग जगह जगह से क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग को ठीक करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>18.09.2012 | 52. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के भीमताल विधानसभा क्षेत्र में पालिटैक्निक की स्थापना हेतु क्या सरकार कोई कदम उठायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **प्राविधिक शिक्षा** |
| श्री भीमलाल आर्य<br>18.09.2012 | 53. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार राज्य में स्वीकृत समस्त जल विद्युत परियोजनाओं की डी0पी0आर0 की उच्च स्तरीय समिति गठित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>18.09.2012 | 54. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने विद्युत सब स्टेशन बनाए गये हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति ठीक कराने के लिए सरकार ने क्या प्रयास किये हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगे कि ग्रामीण क्षेत्र में खराब पड़े विद्युत मीटरों को ठीक कराने के साथ ही सरकार मीटर रीडरों की नियुक्ति भी करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दान सिंह भण्डारी 19.09.2012 | 55. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल में पूर्ववर्ती सरकार के शासनकाल में यू0पी0एस0आई0डी0सी0 द्वारा 76 उद्योग लगाये गये थे जिन्हे सिडकुल में सम्मिलित किया गया था ? क्या यह सत्य है कि सिडकुल में इसका कार्यालय 3 माह के अन्तर्गत खुलना था किन्तु कार्यालय नहीं खोला गया ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उद्योगों को पुनः सिडकुल में सम्मिलित कर यहां उद्योगों की स्थापना करने हेतु कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो कब तक ? | उद्योग |
| श्री दान सिंह भण्डारी 19.09.2012 | 56. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत सभी सड़कें एवं नथुवाखान क्वारब मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त हैं, जिससे दुर्घटना का कारण बना हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त सड़कों को ठीक करने हेतु कोई ठोस नीति बनाई गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दान सिंह भण्डारी 21.09.2012 | 57. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड धारी के ग्राम सभा जलना–दूनीगैर–नीलपहाड़ी सड़क निर्माण हेतु सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 24.09.2012 | 58. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्गों के रख रखाव हेतु पूर्व में गैंग काम करती थी जो सड़कों की हल्की मरम्मत घास व झाड़ियों की सफाई पानी की निकासी आदि का कार्य करती थी तथा इसमें स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता था वहीं सड़कों का रख रखाव भी ठीक प्रकार से किया जाता था ? क्या सरकार द्वारा उपरोक्त गैंग व्यवस्था समाप्त कर दी गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त व्यवस्था को पुनः बहाल करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 24.09.2012 | 59. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि मुरादाबाद से गढ़वाल एवं कुमांऊ को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में नैनीताल जिले की रामनगर विधान सभा से मोहान के बीच प्रत्येक वर्ष धनगढ़ी, पढौन व अन्य नालों में बरसात के समय पानी आने से भारी जानमाल की क्षति व जनता को आने जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है और प्रत्येक वर्ष मार्ग को पुनः सुचारू करने में अत्यधिक धन भी व्यय होता है ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ओवर ब्रिज का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कहां–कहां और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री तीरथ सिंह रावत 01.10.2012 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत जोगीमढ़ी, मोरो बैण्ड से शीला आम कुलाऊ, धोबीगाड, रिखवाड़ तथा बीरोंखाल तक मोटर मार्ग विस्तारीकरण में विलम्ब के क्या कारण है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का विस्तारीकरण का कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>01.10.2012 | 61. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत मटियालना, बदाण, रणकिला, ढुंगलोट, निरसिंह, बहेड़ा, कमलिया, सराईखेत, मोटर मार्ग विस्तारीकरण का पूर्व में शासनादेश राज्य सेक्टर में हुआ है ? यदि हां, तो उक्त मोटर मार्ग का विस्तारीकरण अब तक न होने के क्या कारण है, तथा कब से निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>01.10.2012 | 62. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में वन निगम के प्रभागीय कार्यालय की स्थापना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कार्यालय की स्थापना कब तक की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>01.10.2012 | 63. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के कपकोट व कांडा महाविद्यालय में कौन कौन विषय स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत विषयों के सापेक्ष प्रवक्ताओं के कितने पद सृजित है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त महाविद्यालयों में उक्त सभी पद सृजित हैं ? यदि नहीं, तो उक्त पद कब तक सृजित किये जायेंगे ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री मदन कौशिक<br>01.10.2012 | 64. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में काफी समय से जंगली जानवरों की मौतों के मामले संज्ञान में आ रहे हैं ? यदि हां, तो सरकार द्वारा जंगली जानवरों के संरक्षण हेतु क्या नीति बनायी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>05.10.2012 | 65. क्या वन मंत्री अवगत हैं विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश में स्थित वन विभाग की आवासीय कालोनी की वर्षों से कोई मरम्मत नहीं हुई है और चारदीवार भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कालोनी की मरम्मत एवं दीवार बनाने पर विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>03.10.2012 | 66. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के दुग नाकुरी क्षेत्र बनलेख में डिग्री कालेज स्थापित किये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 608/2012 दिनांक 07 जून, 2012 को घोषणा की है ? यदि हां, तो उक्त घोषणा पर डिग्री कालेज कब तक स्थापित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>03.10.2012 | 67. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के उच्च हिमालयी क्षेत्र मल्ला दानपुर को अलग वन रेन्ज बनाये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 614/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को घोषणा की है ? यदि हां, तो यह वन रेन्ज कब तक अस्तित्व में आ जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री मयूख महर<br>03.10.2012 | 68. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश की विभिन्न नदियों में खनन/चुगान का कार्य के0एम0वी0एन0 तथा डी0एम0वी0एन0 को दिया गया है ? क्या इनके द्वारा गत वर्षों की रायल्टी की राशि जमा की जा चुकी है ? यदि हां, तो उक्त निगमों द्वारा कितनी कितनी राशि जमा की गयी है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार इनके इस अधिकार को निरस्त करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्योग** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>03.10.2012 | 69. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में स्थित सीमान्त इन्जीनियरिंग कालेज के राजकीयकरण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो उक्त कालेज को कब तक राजकीय कालेज घोषित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>04.10.2012 | 70. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनौल्टी के विकास खण्ड थौलधार में मठियाली से स्यासू तक मोटर मार्ग का पुल सहित नवनिर्माण की प्रथम चरण के प्रशासकीय एवं वित्तीय व्यय की स्वीकृति के बाद भी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा कब तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>04.10.2012 | 71. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनौल्टी के विकास खण्ड थौलधार व विकासखण्ड जैनापुर में ए0डी0बी0 के अन्तर्गत कितने मार्गों की स्वीकृति है और कितने मार्गों पर कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>04.10.2012 | 72. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनौल्टी के विकास खण्ड थौलधार व विकासखण्ड जौनपुर की अलमस भवान नगुण मोटर मार्ग का अवशेष कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा ? क्या सरकार उक्त मार्ग को सूवाखोली से भवान तक का चौड़ीकरण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>04.10.2012 | 73. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा पिथौरागढ़ मोटर मार्ग के चौड़ीकरण हेतु क्या कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो इसकी लागत क्या है ? क्या इस हेतु धन की व्यवस्था हो चुकी है ? यदि हां, तो कार्य कब से प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>04.10.2012 | 74. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ की नैनी सैनी हवाई पट्टी के निर्माण की क्या स्थिति है ? सरकार ने उक्त कार्य हेतु कितनी धनराशि की व्यवस्था की है तथा कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नागरिक उड्डयन** |
| श्री मयूख महर<br>04.10.2012 | 75. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में कमलेश्वर (विकासखण्ड मूनाकोट) में पालीटैक्निक कालेज की स्थापना की गयी है ? यदि हां, तो क्या उक्त कालेज की कक्षाओं को अन्य जनपद चम्पावत के लोहाघाट, पौलीटैक्निक में संचालित किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्यों ? क्या उक्त कालेज को इसी सत्र से कमलेश्वर से संचालित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण 04.10.2012 | 76. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के कपकोट डिग्री कालेज के भवन निर्माण हेतु मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 609/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को धन आवंटन की घोषणा की गई है ? यदि हां, तो कितना धन आवंटित किया गया है ? यदि नहीं, तो कब तक धन आवंटित किया जायेगा ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण 04.10.2012 | 77. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के तहसील कांडा धरमघर में वन विभाग के विश्राम गृह के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 613/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को घोषणा की है ? यदि हां, तो इस हेतु धनराशि आवंटित हो चुकी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 05.10.2012 | 78. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश में स्थित लोक निर्माण विभाग की आवासीय कालोनी के भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं जहां विभागीय कर्मी सपरिवार रह रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इनकी मरम्मत हेतु कार्यवाही करने पर विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर 05.10.2012 | 79. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र 44 पिथौरागढ़ में वर्ष 2002 से 2012 तक विभिन्न योजनओं के तहत कुल कितने मोटर मार्ग स्वीकृत हुए थे उनकी प्रत्येक की लागत व कार्य प्रारम्भ करने व समाप्त करने की तिथि क्या थी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि स्वीकृत धन के अतिरिक्त इन मार्गों पर अन्य मदों से कितना धन पुनः आवंटित हुआ है ? क्या इन सभी मार्गों के निर्धारित समय में तैयार हो जाने पर इन पर भारी वाहनों का संचालन प्रारम्भ हो गया है ? यदि हां, तो कितने मार्गों पर ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 05.10.2012 | 80. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में पट्टी मवालस्यूं के अन्तर्गत चौरा से मुसासू मोटर मार्ग स्वीकृत हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग का विस्तारीकरण तुनाखाल तक करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 05.10.2012 | 81. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के पट्टी खाटली के दुनाऊ में 1 मेगावाट की दुनाऊ जल विद्युत परियोजना स्वीकृत की गयी थी ? यदि हां, तो उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त योजना को सरकार प्रारम्भ किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो योजना कब तक अस्तित्व में आ जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 05.10.2012 | 82. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत किर्खू में डाक बंगला बनाये जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? क्या यह सत्य है कि उक्त स्थान पर डाक बंगला निर्माण हेतु क्षेत्र वासियों द्वारा जमीन उपलब्ध करायी गयी है ? यदि हां, तो डाक बंगले का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दान सिंह भण्डारी 05.10.2012 | 83. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल स्थित भीमताल नौकुचियाताल चनौती मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त है तथा उसका डामरीकरण/हाटमिक्स किया जाना नितान्त आवश्यक है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त मोटर मार्ग को हाटमिक्स किये जाने हेतु कोई कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दान सिंह भण्डारी 05.10.2012 | 84. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के भीमताल में शासन द्वारा आई0टी0आई0 स्वीकृत किया गया है जिस हेतु शिलौटी ग्राम में भूमि भी दी गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त आई0टी0आई0 कब तक अस्तित्व में आ जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री दान सिंह भण्डारी 05.10.2012 | 85. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल स्थित ग्राम सभा सलड़ी में अम्बेडकर रोड का डामरीकरण कार्य कई वर्षों से लम्बित पड़ा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त रोड के डामरीकरण हेतु कोई कार्यवाही की गयी है ? यदि हां, तो उक्त सड़क का डामरीकरण कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री पूरण सिंह फर्त्याल 08.10.2012 | 86. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0 श्री हर्षदेव औली के गृह क्षेत्र में सरकार उनके नाम से खेती खान में राजकीय महिला डिग्री कालेज खोलने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 08.10.2012 | 87. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि यू0जी0सी0 (वि0वि0 अनुदान आयोग) ने सन् 2006 में जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश में स्थित राजकीय महाविद्यालय को गर्ल्स हास्टल तथा प्रिंसिपल आवास हेतु तीस लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की थी ? यदि हां, तो क्या ये योजना पूर्ण हो चुकी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 08.10.2012 | 88. क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश के अन्तर्गत रायपुर विकास खण्ड के थानों न्याय पंचायत के नाहीं कला, हल्द्वाड़ी सहित छः गांवों का पुलिस थाना ऋषिकेश थानान्तर्गत श्यामपुर चौकी है जो पर्वतीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के साथ साथ बहुत ज्यादा दूरी पर है ? यदि हां, तो क्या उक्त ग्राम सभाओं के ग्रामीणों की कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा हेतु इनको निकटवर्ती थाने से जोड़ा जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्री चन्दन राम दास 08.10.2012 | 89. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्र में बन्दरों का काफी प्रकोप है ? यदि हां, तो बन्दरों को पकड़ने व बदियाकरण के लिए वन विभाग क्या कार्यवाही कर रही है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि बन्दरों व सूअरों के कारण बागेश्वर जिले में कितनी धनराशि की फसलों का नुकसान हुआ है ? क्या सरकार किसानों को फसलों के नुकसान का भुगतान करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास 08.10.2012 | 90. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन्य जीवों द्वारा बागेश्वर जिले में जन हानि की घटनायें हुई हैं ? यदि हां तो इनकी संख्या व प्रभावितों के नाम पते क्या हैं तथा इन्हे विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति के रूप में कितनी धनराशि अनुमन्य है व कितनी धनराशि का भुगतान किया गया है ? क्या मंत्री जी विगत तीन वर्षों का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वन्य जीव से जन हानि रोके जाने हेतु वन विभाग द्वारा कोई ठोस उपाय किया जायेगा ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री मयूख महर 08.10.2012 | 91. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 02 अप्रैल, 2012 को जनपद पिथौरागढ़ भ्रमण के दौरान पिथौरागढ़ शहर के आन्तरिक मार्गों को हाटमिक्स करने हेतु एवं पिथौरागढ़ गंगोलीहाट को आंवला घाट के मार्ग से जोड़ने हेतु इसी वित्तीय वर्ष में धन आवंटित कर कार्य प्रारम्भ कराने की घोषणा की थी ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त मार्गों हेतु इस वित्तीय वर्ष के बजट में धन की व्यवस्था की गयी है ? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री नारायण राम आर्य 08.10.2012 | 92. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा 06/06/2012 को विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट के सिमलता मिनगड़ी वासिखेत मोटर मार्ग के डामरीकरण की घोषणा की थी ? यदि हां, तो (एस0सी0पी0 के अन्तर्गत ) धनराशि कब तक अवमुक्त की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्दन राम दास 09.10.2012 | 93. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बागेश्वर जिले में लोक निर्माण विभाग को कितनी सड़कों हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हुई है ? भारत सरकार से अन्तिम स्वीकृति मिलने में अब क्या अड़चन है तथा नामान्तरण की कार्यवाही में कितना समय लगता है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि तीन साल से अधिक सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त मार्गों में विभाग निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ करेगा तथा अब तक हुए विलम्ब का क्या कारण रहा है ? | **वन** |
| श्री चन्दन राम दास 09.10.2012 | 94. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में केन्द्र की कैम्पा योजना के तहत प्रदेश को कितनी धनराशि मिली है तथा प्राप्त धनराशि में से सरकार जनपद वार आवंटन का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि जनपद बागेश्वर में उक्त धनराशि किन किन मदों में दी गई है ? | **वन** |
| श्री मनोज तिवारी 09.10.2012 | 95. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय राजमार्ग अल्मोड़ा खैरना मुख्य मोटर मार्ग में दैवीय आपदा आने से 18.09.2010 को उक्त मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ था ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की तिथि से सरकार द्वारा कितनी धनराशि उक्त मार्ग निर्माण/मरम्मत हेतु स्वीकृत की गयी और उक्त मोटर मार्ग पर कुल कितना खर्च हुआ ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज तिवारी<br>09.10.2012 | 96. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा विधान सभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अन्तर्गत अल्मोड़ा नगर के मुख्य मोटर मार्ग माल रोड से धारानौला मोटर मार्ग को जोड़ने की कोई कार्य योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो उसका प्रारूप क्या है और कब तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मनोज तिवारी<br>09.10.2012 | 97. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 10 सितम्बर, 2012 को अल्मोड़ा भ्रमण के दौरान विधान सभा क्षेत्र अल्मोड़ा जनपद अल्मोड़ा हेतु कौन कौन सी योजनाओं की घोषणा की गयी थी तथा वर्तमान में उन घोषणाओं की स्थिति क्या है तथा कब तक उनका कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |
| श्री नारायण राम आर्य<br>09.10.2012 | 98. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 6/6/2012 को पोखरी चण्डीकाघाट मोटर मार्ग विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट जनपद पिथौरागढ़ का डामरीकरण एस0सी0पी0 के मद से कराये जाने की घोषणा की गई थी ? यदि हां, तो इस पर क्या प्रगति हुई है तथा धनराशि कब तक स्वीकृत हो जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>09.10.2012 | 99. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग से रेलवे क्रासिंग होते हुए रायवाला से प्रतीत नगर तक सड़क का डामरीकरण का प्रस्ताव लंबित है ? यदि हां, तो स्वीकृति कब तक दी जायगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>09.10.2012 | 100. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद देहरादून के अन्तर्गत ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र में महिला महाविद्यालय खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>09.10.2012 | 101. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सत्यनारायण से गौहरी माफी गांव तक सड़क की मांग कई वर्षों से की जा रही है ? यदि हां, तो कब तक इसका निर्माण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>11.10.2012 | 102. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जंगली जानवरों द्वारा जनहानि होने पर प्रभावितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि क्या है ? क्या सरकार उक्त राशि को बढ़ाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कितना व कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |

## नत्थी- "घ"

## वित्तीय वर्ष 2012-2013 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

**अनुदान संख्याः- 06 राजस्व एवं सामान्य प्रशासन, 07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें, 08 आबकारी, 10 पुलिस एवं जेल, 11 शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति, 12 चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, 13 जलापूर्ति आवास एवं नगर विकास, 14 सूचना, 15 कल्याण योजनायें, 16 श्रम और रोजगार, 17 कृषि कर्म एवं अनुसंधान, 18 सहकारिता, 19 ग्राम्य विकास, 20 सिंचाई एवं बाढ़, 21 ऊर्जा, 22 लोक निर्माण कार्य, 23 उद्योग, 24 परिवहन, 25 खाद्य, 26 पर्यटन, 27 वन, 28 पशुपालन सम्बन्धी कार्य, 29 औद्यानिक विकास, 30 अनुसूचित जातियों का कल्याण, 31 अनुसूचित जन जातियों का कल्याण**

**प्रस्तावक का नाम**

1. श्री अजय भट्ट
2. श्री हरबंस कपूर
3. श्री मदन कौशिक
4. श्री दलीप रावत
5. श्री अजय टम्टा
6. श्री पूरन सिंह फर्त्याल
7. डा0 प्रेम सिंह
8. श्री यतीश्वरानन्द
9. श्री चन्दन राम दास
10. श्री विशन सिंह चुफाल
11. श्री तीरथ सिंह रावत
12. श्री आदेश चौहान
13. श्रीमती विजय बड़थ्वाल
14. श्री राजेश शुक्ला
15. श्री दान सिंह भण्डारी
16. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
17. श्री बंशीधर भगत
18. श्री पुष्कर सिंह धामी
19. श्री सहदेव सिंह
20. श्री गणेश जोशी
21. श्री मालचन्द
22. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
23. श्री राजकुमार ठुकराल
24. श्री भीमलाल आर्य।
25. श्री चन्द्रशेखर
26. श्री संजय गुप्ता

**प्रस्ताव का प्रारूप**

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना।